# श्याम झोली भर देना | By Sandeep Rajput

खाटूवाले श्याम मेरी विनती सुन लेना
खाटूवाले श्याम मेरी अर्ज़ी सुन लेना
जो बोले जय श्री श्याम उनकी झोली भर देना

जिनकी किस्मत सोइ बाबा उनके भाग्य जगाना
जिनकी नैया डूब गई हो उनको पार लगाना
श्याम प्रेमियों के तुम सारे संकट हर लेना
जो बोले जय श्री श्याम उनकी झोली भर देना

सेवक बन के श्याम सांवरे जो सेवा में आये
जिनका साथी बने सांवरा उनको कौन हराये
सर पे रखना हाथ प्यारे प्यारे वर देना
जो बोले जय श्री श्याम उनकी झोली भर देना

मैं भी हर ग्यारस पे बाबा तेरे द्वारे आऊं
दर्शन करके श्याम सांवरे तेरा कीर्तन गाऊं
मेरी ये मुराद बाबा पूरी कर देना
जो बोले जय श्री श्याम उनकी झोली भर देना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9d%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%ad%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-sandeep-rajput/